## ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्यापरिषद की 07वीं बैठक दिनांक 19.05.2020 को पूर्वान्ह् 11:30 बजे की उपस्थिति।

| क्रम | अधिकारियों / शिक्षकों का नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 माहरूख़ मिर्ज़ा, मा0 कुलपति / मा0 अध्यक्ष | अध्यक्ष | |
| 2. | प्रो0 मो0 सगीर बेग अफराहीम, उर्दू विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ | वाह्य सदस्य | |
| 3. | प्रो0 मो0 शफ़ीक अहमद, कश्मीर विश्वविद्यालय, कश्मीर। | वाह्य सदस्य | |
| 4. | प्रो0 सैय्यद अफ़जल मुर्तजा रिज़वी, कम्प्यूटर साइन्स विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली। | वाह्य सदस्य | |
| 5. | प्रो0 सोमेश कुमार शुक्ल, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | वाह्य सदस्य | |
| 6. | प्रो0 साबिरा हबीब, आचार्य रशियन (सेवानिवृत्त), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित | |
| 7. | डॉ0 अनूप आनन्द, आचार्य फ्रेन्च, डॉ0 राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित | |
| 8. | प्रो0 मसऊद आलम, विभागाध्यक्ष, अरबी विभाग। | आन्तरिक सदस्य | Masood Ala |
| 9. | प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रबन्ध विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 10. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 11. | डॉ0 एहतेशाम अहमद, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 12. | डॉ0 तनवीर खदीजा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 13. | डॉ0 चन्दना डे, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्यापरिषद की 07वीं बैठक दिनांक 19–05–2020 को अपरान्ह् 11:30 बजे का
कार्यवृत्त।

| उपस्थिति | | |
|---|---|---|
| क्रम | अधिकारियों / शिक्षकों का नाम | पदनाम |
| 1. | प्रो0 माहरूख़ मिर्ज़ा, मा0 कुलपति / मा0 अध्यक्ष | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 सोमेश कुमार शुक्ल, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 साबिरा हबीब, आचार्य रशियन (सेवानिवृत्त), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित |
| 4. | डॉ0 अनूप आनन्द, आचार्य फ्रेन्च, डॉ0 राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ। | विशेष आमंत्रित |
| 5. | प्रो0 मसऊद आलम, विभागाध्यक्ष, अरबी विभाग। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रबन्ध विभाग। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। | सदस्य |
| 8. | डॉ0 एहतेशाम अहमद, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग। | सदस्य |
| 9. | डॉ0 फख़रे आलम, सह आचार्य, उर्दू विभाग। | सदस्य |
| 10. | डॉ0 नीरज शुक्ल, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग। | सदस्य |
| 11. | श्री महेन्द्र कुमार भट्ट, वित्त अधिकारी। | विशिष्ट आमंत्रित |
| 12. | श्री अशोक कुमार अरविन्द, कुलसचिव / सदस्य सचिव | सदस्य सचिव |

माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से कुलसचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा विद्यापरिषद के माननीय अध्यक्ष / कुलपति व सभी सम्मानित सदस्यों व विशिष्ट आमंत्रित के रूप में उपस्थित प्रो0 साबिरा हबीब (सेवानिवृत्त), आचार्य रिशयन, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ डॉ0 अनूप आनन्द, आचार्य फ्रेन्च, डॉ0 राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी का बैठक में स्वागत किया गया। स्वागत के उपरान्त बिन्दुवार विद्यापरिषद की 07वीं बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

# कार्यवाही

**बिन्दु संख्या–1**

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के पत्रांक–141/रा0उ0शि0प0/25/18 दिनांक 28 अप्रैल, 2020 के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों में न्यूनतम समान पाठ्यक्रम लागू किये जाने के सम्बन्ध में विचार–विमर्श।

**निर्णय–**

**विद्यापरिषद द्वारा उपरोक्त के सम्बंध में मा0 कुलपति महोदय से आग्रह किया कि इस सम्बंध में शासन से पत्राचार कर अनुमति प्राप्त कर ली जाए कि सम्बंधित पाठ्यक्रम को किस सत्र से लागू किया जाना है , यह भी देखा गया कि समान पाठ्यक्रम वार्षिक आधार पर तैयार किये गये है जबकि पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय मे (आनर्स) सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के आधार पर सेमेस्टर सिस्टम द्वारा संचालित हो रहे है अतः वार्षिक पाठ्यक्रमों को अंगिकृत करने में कठिनाई होगी इस समस्या के समाधान हेतु समिति ने कुलपति महोदय से अनुरोध किया है कि वे वार्षिक पाठ्यक्रम के निर्माताओं अर्थात चारों कुलपतियों और प्रमुख सचिव के साथ बैठक कर सेमेस्टर, सी0बी0सी0एस0 तथा आनर्स के सम्बन्ध में दिशा निर्देश प्राप्त करें। कुलसचिव विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों/विषय प्रभारियों को शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये समान पाठ्यक्रम की साफट कापी वाट्सएप एवं ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराये तदोपरान्त इस सम्बंध में समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारियों से प्रथक से बैठक करने की सहमति बनी।**

**बिन्दु संख्या–2**

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–226/सत्तर–2–2020–18(31)/2018 दिनांक 13 मार्च, 2020 के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा शर्तों के मानक आदि के सम्बन्ध में विचार–विमर्श।

**निर्णय–**

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–226/सत्तर–2–2020–18(31)/2018 दिनांक 13 मार्च, 2020 के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में संचालित स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पाठ्यक्रमों में तथा अशासकीय अनानुदानित स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा शर्तों के मानक आदि के सम्बन्ध में माननीय विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अंगीकृत किया गया है शिक्षकों के सेवा शर्तो सम्बंधी नियमों हेतु एक समिति का गठन किया जाएगा।

**बिन्दु संख्या–3**

विश्वविद्यालय में देश–विदेश की विभिन्न भाषा जैसे–मैन्टेरियन चाईनीज़, स्पैनिश, फारसी (पर्शियन), अंग्रेज़ी, हिन्दी, संस्कृत, भोजपूरी, पाली, प्राकृत, बंगाली, रशियन, जापानीज़, कोरियन, फ्रेन्च, जर्मन, इजिप्टियन अरबिक, इण्डोनेशियन अरबिक, सुडानिश अरबिक, अल्ज़ेरियन अरबिक, मोरोक्न अरबिक, साउदी अरबिक इत्यादि भाषाओं के पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में विचार–विमर्श।

**निर्णय–**

विश्वविद्यालय में देश–विदेश की विभिन्न भाषाओं को अंगिकृत करने के निर्देश दिये जिसमे चाईनीज़, स्पैनिश, फारसी (पर्शियन), अंग्रेज़ी, हिन्दी, संस्कृत, भोजपूरी, अवधि, पाली, प्राकृत, बंग्ला, रशियन, जापानीज़, कोरियन, फ्रेन्च, जर्मन, अरबिक, यूरूबा, नेपाली, भूटानी एवं टर्किश इत्यादि भाषाओं के पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में शासन को सूचित किया जाये एवम् शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पदो के सृजन के सम्बंध में भी प्रस्ताव शीघ्र शासन को प्रेषित कर दिया जाए। शासन के अनुमोदनोपरान्त इसी सत्र 2020–21 से विश्वविद्यालय द्वारा इस भाषाओं के पाठ्यकम को प्रारम्भ किया जाएगा।

**बिन्दु संख्या–4**

एम0सी0ए0 दो वर्ष करने पर ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक अनुसार प्रवेश सम्बंधी अनुमोदन पर विचार।

निर्णय–

**विद्यापरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में आगामी सत्र 2020–21 से एम0सी0ए0 दो वर्ष करने पर ए0आई0सी0टी0ई0 के मानकों को सर्वसम्मति से अंगीकृत किया गया एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम के विषय प्रभारी, डॉ0 मज़हर खालिक को एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम दो वर्ष के अनुसार तैयार करने हेतु आदेशित किया गया।**

**बिन्दु संख्या–5**

एम0बी0ए0 प्रवेश हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 के नियमों के पालन पर विचार–विमर्श।

निर्णय–

**एम0बी0ए0 प्रवेश हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 के नियमों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**बिन्दु संख्या–6**

सेल्फ फाइनेंस मोड में साइंस के बी0टेक0 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा बी0एस0सी0–भौतिकी, रसायन, गणित, कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, जूलॉजी, बॉटनी, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, स्टैटिस्टिक्स, इंडस्ट्रियल कैमेस्ट्री, भूगोल, गृह विज्ञान अदि के पाठ्यक्रमों का अनुमोदन पर विचारार्थ।

निर्णय–

**विद्यापरिषद द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध उपरोक्त कोर्सेस को सेमेस्टर सिस्टम के आधार पर (आनर्स) तथा सी0बी0सी0एस0 पद्धति द्वारा लागू करने की अनुमति सर्वसम्मति से दी गयी।**

**बिन्दु संख्या–7**

आनलाईन क्लासेस वाया जूम इत्यादि एवं ई–कन्टेन्ट के विषय मे व्यापक चर्चा एवं विचार।

निर्णय–

**विद्यापरिषद द्वारा शासन के पत्र सं0 1600(XIII)/SPD/RUSA/8/15 दिनांक 01.05.2020 का संदर्भ गृहण किया गया जिसके अनुसार ई–कन्टेंट शासन द्वारा तैयार पोर्टल पर अप्लोड किया**

जाना है इस सम्बंध में विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारियों कों शासन के पत्र से अवगत कराया जा चुका है एवं समिति द्वारा अवगत कराया गया है कि जिन विभागों अथवा शिक्षकों के द्वारा अभी तक ई–कन्टेंन्ट उपलब्ध नही कराये गये है एवं जिनके द्वारा कराये गये है तो उसके द्वारा कितना कोर्स पूर्ण हो गया है एवं कितना बचा है, इस सम्बंध में समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारियों को तत्काल पत्र के माध्यम से पूछा जाए, एवं यह भी अवगत कराये कि वे अपने ई–कन्टेन्ट भेजते समय ध्यान रखे कि कॉपीराइट का कोई प्रकरण न हो अन्यथा इसका पूर्ण उत्तर दायित्व विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी का होगा और ऑनलाइन कक्षाओं की साप्ताहिक समय–सारिणी जूम/अन्य कोई ऑनलाइन मीटिंग ऐप के लिंक सहित विश्वविद्यालय प्रशासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

बिन्दु संख्या–8

अन्य बिन्दु माननीय कुलपति/अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

1. विद्यापरिषद की पूर्व बैठक 01.11.2019 के बाद करायी गयी भिन्न–भिन्न विभागों की बी0ओ0एस0 बैठकों के निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।
2. समस्त सदस्यों से भविष्य में होने वाली बैठकों में विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये लैपटाप सहित उपस्थित हो।

(अशोक कुमार अरविन्द)
कुलसचिव/सदस्य सचिव।

19/5/2020
(प्रो0 माहरूख़ मिर्ज़ा)
मा0 कुलपति/अध्यक्ष, विद्यापरिषद

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | डॉ0 फख़रे आलम, सह आचार्य, उर्दू विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 15. | डॉ0 मुशीर अहमद, सह आचार्य, व्यवसाय प्रबन्धन विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 16. | डॉ0 अब्दुल हफीज़, सहायक आचार्य, अरबी विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 17. | डॉ0 मज़हर खालिक, सहायक आचार्य, कम्प्यूटर साइंस विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 18. | डॉ0 नीरज शुक्ल, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 19. | डॉ0 पूनम, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग, प्रतिनिधि एस0सी0/एस0टी0। | आन्तरिक सदस्य | |
| 20. | डॉ0 रूचिता सुजय चौधरी, सहायक आचार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, प्रतिनिधि एस0सी0/एस0टी0। | आन्तरिक सदस्य | |
| 21. | श्री महेन्द्र कुमार भट्ट, वित्त अधिकारी। | विशिष्ट आमंत्रित | |
| 22. | श्री अशोक कुमार अरविन्द, कुलसचिव/सदस्य सचिव | सदस्य सचिव | |